Need to revive Mau Aima Cooperative Spinning Mill in Prayagraj, Uttar Pradesh.-laid

श्री प्रवीण पटेल **(फूलपुर) :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की इकलौती मऊआइमा सहकारी कताई मिल दस सालों से बंद पड़ी है । मऊआइमा सहकारी कताई मिल बंद होने से काम करने वाले मजदूर अब दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं । यह मिल न केवल सरकार के आय के स्त्रोत के रुप में बल्कि हमारे यहां हजारो लोगों के रोजगार को सुदृढ़ करने का माध्यम थी । मेरा अनुरोध है कि मिल को पुनः स्थापित किया जाय अथवा बंद पड़े मिल की सरकारी जमीन का उपयोग करके केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा (केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा पोषित स्कीम) नये उद्यम स्थापित किया जाय जिससे रोजगार का सृजन हो ।